दैनिक

क्यूँ न लिखूँ सच

प्रातः कालीन

मुरादाबाद से प्रकाशित

बर्षः- 05
अंकः- 236
मुरादाबाद
(Thursday)
18 December 2025
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

पीएम मोदी को इथियोपिया का सर्वोच्च सम्मान, मैन्युफैक्चरिंग भारत में घट रही, अमित शाह बोले- हर भारतीय के लिए गर्व का पल राहुल गांधी बोले- मजबूत इकोसिस्टम बनाने की जरूरत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके इथियोपिया दौरे के दौरान 'ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया' से सम्मानित किया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे हर भारतीय के लिए गर्व का पल बताया। यह पीएम मोदी को किसी विदेशी देश द्वारा दिया गया 28वां सर्वोच्च सम्मान है। शाह ने इसे भारत-इथियोपिया दोस्ती में मील का पत्थर बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके इथियोपिया के दौरे के दौरान वहां का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया' से सम्मानित किया गया। इस बात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए इसे हर भारतीय के लिए गर्व का पल बताया। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इथियोपिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ग्रेट ऑनर निशान ऑफ इथियोपिया' मिलना भारत-इथियोपिया रिश्तों के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। यह सम्मान इथियोपिया के प्रधानमंत्री डॉ. अबी अहमद अली ने पीएम मोदी को दिया। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए पोस्ट में केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि यह हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने बताया कि यह किसी विदेशी देश द्वारा पीएम मोदी को दिया गया 28वां सर्वोच्च सम्मान है, जो दुनिया में भारत की बढ़ती साख को दिखाता है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान भारत और इथियोपिया की दोस्ती में एक अहम मील का पत्थर रहेगा।पीएम मोदी पहले वैश्विक नेता जिन्हें यह सम्मान मिला बता दें कि पीएम मोदी इस सम्मान को पाने वाले दुनिया के पहले प्रधानमंत्री हैं। उन्होंने इथियोपिया के प्रधानमंत्री अबी अहमद अली का धन्यवाद करते हुए कहा कि ज20 शिखर सम्मेलन के दौरान उन्होंने प्रेम से इथियोपिया आने का निमंत्रण दिया था, जिसे वह ठुकरा नहीं सके।

पीएम मोदी बोले- यह सम्मान पूरे भारत का है

हालांकि इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस सम्मान को लेकर कहा कि यह सम्मान सिर्फ उनका नहीं, बल्कि उन करोड़ों भारतीयों का है, जिनके विश्वास और प्रयासों से भारत-इथियोपिया के रिश्ते मजबूत हुए हैं। उन्होंने कहा कि इतनी प्राचीन और समृद्ध सभ्यता वाले देश से सम्मान मिलना उनके लिए बहुत गर्व की बात है। पीएम मोदी ने कहा कि अभी मुझे इथियोपिया का सर्वोच्च सम्मान दिया गया है। मैं यह सम्मान पूरे भारत की ओर से विनम्रता से स्वीकार करता हूं। यह उन सभी भारतीयों के लिए है जिन्होंने हमारे रिश्तों को मजबूत किया।दो दिवसीय दौरे पर इथियोपिया पहुंचे पीएम मोदी

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मोदी मंगलवार को दो दिन के दौरे पर इथियोपिया पहुंचे। वहां एयरपोर्ट पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस यात्रा को भारत और इथियोपिया के बीच राजनीतिक, आर्थिक और कूटनीतिक रिश्तों को और मजबूत करने की दिशा में अहम माना जा रहा है।

संक्षिप्त समाचार

आईपीएल नीलामी में रचा इतिहास: प्रशांत वीर के पिता से स्मृति ईरानी ने की बात, घर आकर मुलाकात का दिया भरोसा

आईपीएल की नीलामी में इतिहास रचने वाले अमेठी के प्रशांत वीर के पिता से अमेठी की पूर्व सांसद स्मृति ईरानी ने फोन पर बात की। इस दौरान उन्होंने प्रशांत की सफलता पर परिजनों को बधाई दी।भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने अमेठी की पूर्व सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से क्रिकेटर प्रशांत वीर के पिता रामेंद्र त्रिपाठी से फोन पर बातचीत कराई। इस दौरान स्मृति ईरानी ने प्रशांत वीर की उपलब्धि की सराहना करते हुए परिवार को बधाई दी।बातचीत के दौरान स्मृति ईरानी ने कहा कि जैसे ही वह अमेठी आएंगी प्रशांत वीर के घर पहुंचकर परिवार से मुलाकात करेंगी। उन्होंने कहा कि प्रशांत वीर ने अपनी मेहनत और लगन से जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है, जो अमेठी के लिए गर्व की बात है।भाजपा जिला अध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने कहा कि प्रशांत वीर हमारे घर के काफी समीप के हैं और उनका परिवार से पुराना पारिवारिक रिश्ता रहा है। उन्होंने बताया कि प्रशांत वीर को उन्होंने पहले यहां की लोकल क्रिकेट प्रतियोगिताओं में कई बार खेलते हुए देखा है तभी से उनकी प्रतिभा साफ नजर आती थी। जिलाध्यक्ष ने कहा कि अब बहुत जल्द प्रशांत वीर को आईपीएल के मैदान में खेलते हुए देखा जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि वह दिन भी दूर नहीं जब प्रशांत वीर देश के लिए खेलते हुए नजर आएंगे

इकोसिस्टम बनाने की जरूरत

कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा है कि निर्माण मजबूत अर्थव्यवस्थाओं की रीढ़ होती है, लेकिन दुर्भाग्य से भारत में यह लगातार कमजोर हो रही है। उन्होंने जोर दिया कि तेज आर्थिक विकास के लिए देश को सार्थक और मजबूत मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम तैयार करने होंगे। राहुल गांधी ने यह बात जर्मनी की यात्रा के दौरान कही। म्यूनिख में बीएमडब्ल्यू वेल्ट और बीएमडब्ल्यू प्लांट म्यूनिख के गाइडेड टूर के बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर अपने अनुभव साझा किए।उन्होंने कहा कि बीएमडब्ल्यू की विश्वस्तरीय मैन्युफैक्चरिंग को करीब से देखना एक शानदार अनुभव था। इस दौरे की खास बात टीवीएस मोटर कंपनी की 450सीसी मोटरसाइकिल को देखना रही, जिसे बीएमडब्ल्यू के साथ साझेदारी में विकसित किया गया है। राहुल गांधी ने इसे गर्व का क्षण बताते हुए कहा कि जर्मनी में भारतीय इंजीनियरिंग को प्रदर्शित होते देखना खुशी की बात है। भारत में मैन्युफैक्चरिंग घट रही है- राहुल गांधी उन्होंने कहा, %मजबूत अर्थव्यवस्थाओं की नींव मैन्युफैक्चरिंग पर टिकी होती है। लेकिन भारत में मैन्युफैक्चरिंग घट रही है। अगर हमें विकास की रफ्तार बढ़ानी है तो हमें ज्यादा उत्पादन करना होगा, मजबूत मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम बनाने होंगे और बड़े पैमाने पर गुणवत्तापूर्ण नौकरियां पैदा करनी होंगी।%बता दें कि राहुल गांधी जमर्नी की यात्रा पर प्रोग्रेसिव अलायंस के निमंत्रण पर गए हैं। इस दौरान वे भारतीय प्रवासी समुदाय से संवाद करेंगे और जर्मन सरकार के मंत्रियों से भी मुलाकात करेंगे। राहुल गांधी 15 से 20 दिसंबर तक जर्मनी के दौरे पर हैं, इस दौरान वे वहां रह रहे भारतीय समुदाय के लोगों से और जर्मनी सरकार के मंत्रियों से भी मुलाकात करेंगे।

राष्ट्र प्रेरणा स्थल का लोकार्पणः सीएम ने किया निरीक्षण, डेढ़ लाख लोगों को बस में मिलेगा नाश्ता, स्थल पर लंच

पीएसी स्थापना दिवसः सीएम योगी बोले- यूपी के आत्मविश्वास का कारण कानून का राज, प्रदेश की छवि बदली

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को पीएसी के स्थापना दिवस के अवसर पर पीएसी जवानों को संबोधित किया और बीते साढ़े आठ साल में पीएसी को और बेहतर बनाने के लिए किए गए कार्यों का जिक्र किया।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 78 वर्ष से पीएसी बल का इतिहास अनुशासन, शौर्य, त्याग व समर्पण का रहा है। उन्होंने जवानों से अपील की कि साहस, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा, व्यावसायिक दक्षता व कठिन प्रशिक्षण ही आपकी पहचान बननी चाहिए। सरकार आश्वस्त करती है कि आपके सम्मान व सरकार के स्तर पर मिलने वाली सुविधा-संसाधन में निरंतर वृद्धि होती रहेगी। यूपी के अंदर आत्मविश्वास का प्रमुख कारण कानून का राज है। कानून का राज सुरक्षा के बेहतर माहौल में ही सुशासन की गारंटी दे सकता है। सुशासन में ही निवेश सुरक्षित हो सकता है और सुरक्षित निवेश ही युवाओं की आकांक्षाओं की पूर्ति का माध्यम बन सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपीपीएसी के स्थापना दिवस समारोह-2025 का शुभारंभ किया। सीएम ने पीएसी द्वारा आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन व अवलोकन किया। सीएम ने 78वर्ष के गौरवशाली इतिहास के लिए पीएसी बल को बधाई दी। संवेदनशील परिस्थितियों में अग्रिम मोर्चे पर कार्य करता है पीएसी बल - मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में पीएसी बल आंतरिक सुरक्षा, कानून व्यवस्था, आपदा प्रबंधन, प्रदेश में महत्वपूर्ण त्योहारों, अतिविशिष्ट महानुभावों के आगमन, लोकतंत्र के महापर्व 'चुनाव' को शांतिपूर्ण ढंग से सुनिश्चित करने के साथ ही संवेदनशील परिस्थितियों में अग्रिम मोर्चे पर कार्य करता है। पीएसी के अधिकारी व कार्मिक विभिन्न आयामों के माध्यम से न सिर्फ यूपी, बल्कि देश के अंदर यूपी पीएसी बल, एसएसएफ, यातायात पुलिस, प्रतिसार निरीक्षक ड्यूटी, प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षक, एटीएस व एसटीएफ कमांडो के रूप में सेवाएं प्रदान कर कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं। सीएम योगी ने पीएसी के अदम्य साहस को भी गिनाया- सीएम योगी ने पीएसी बल के अदम्य साहस की चर्चा की। बताया कि 30वीं वाहिनी पीएसी के जवानों ने 13 दिसंबर 2001 को संसद पर हुए आतंकी हमले का जवाब दिया और पांचों आतंकवादियों को मुठभेड़ में मार गिराया था। जुलाई 2005 में श्रीराम जन्मभूमि परिसर अयोध्या में आतंकी हमले के दौरान सीआरपीएफ, पीएसी और यूपी पुलिस की संयुक्त टीम ने सभी आतंकियों को मार गिराया गया था। यूपी की बेहतर छवि को देश के सामने रखने मे मिली सफलता - सीएम योगी ने कहा कि हमारी सरकार ने पीएसी की 46 कंपनियों को पुनर्जीवित करते हुए यूपी के अंदर बेहतर कानून व्यवस्था बनाए रखा और आंतरिक सुरक्षा के माध्यम से यूपी की बेहतर छवि को देश के सामने प्रस्तुत करने में सफलता हासिल की। संख्या, क्षमता, प्रशिक्षण, तकनीक के स्तर पर पीएसी की सशक्त बनाने का कार्य निरंतर जारी है। अत्याधुनिक हथियारों व दंगा नियंत्रण उपकरणों से सुसज्जित करते हुए पीएसी को एसएलआर, इंसास राइफल, मल्टीसेल लांचर, एंटी राइड गन, टियर गैस गन समेत अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरण भी प्रदान किए गए।हमारी सरकार ने पीएसी में 41,893 आरक्षियों व 698 प्लाटून कमांडर की भर्ती की। सीएम योगी ने कहा कि पीएसी कार्मिकों की व्यावसायिक दक्षता में सुधार के लिए पूर्व में प्रशिक्षित पाठ्यक्रम को अपडेट करते हुए एबीसी आदि ग्रेड सुनिश्चित कर उन्हें बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। हमारी सरकार ने पीएसी में 41,893 आरक्षियों व 698 प्लाटून कमांडर की भर्ती की। सीधी भर्ती के अंतर्गत प्लाटून कमांडर के पद पर 1648 तथा आरक्षी के पद पर 15131 अभ्यर्थियों की भर्ती प्रक्रिया वर्तमान में प्रचलित है। इसमें 135 प्लाटून कमांडर की भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया जा चुका है। शीघ्र ही यह भर्ती भी संपन्न होगी। सेवा के दौरान दिवंगत जवानों के 396 आश्रितों को आरक्षी व 58 आश्रितों को प्लाटून कमांडर के पद पर सेवायोजन प्रदान किया गया। आरक्षी पद हेतु 28 अभ्यर्थियों व प्लाटून कमांडर पर 7 अभ्यर्थियों के सेवायोजन की कार्रवाई वर्तमान में प्रचलित है। पीएसी में पदोन्नति के और अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से सशस्त्र पुलिस में 184 निरीक्षकों, 3772 उपनिरीक्षकों के पदों में वृद्धि की गई है। विभागीय प्रोन्नति के अंतर्गत 426 उप निरीक्षक, 4042 मुख्य आरक्षी तथा 13313 आरक्षियों को पदोन्नति दी गई। 352 मुख्य आरक्षी, 1015 आरक्षियों की पदोन्नति कार्रवाई वर्तमान में प्रचलित है। खेल के बजट को 70 लाख से बढ़ाकर किया गया 10 करोड़ रुपये

सीएम योगी ने कहा कि आपदा से निपटने के लिए यूपी में राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की छह कंपनियों में 18 टीमें प्रदेश को सेवाएं प्रदान कर रही हैं।

कर्नाटक में वीबी-जी राम जी और नेशनल हेराल्ड को लेकर कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

सरकार ने मनरेगा को हटाकर वीबी-जी राम जी नाम से एक योजना लाने का बिल संसद में पेश किया है। इसे लेकर लगातार विपक्ष विरोध कर रहा है। अब कर्नाटक कांग्रेस भी इसे लेकर विरोध करने उतरी है। कर्नाटक कांग्रेस नेताओं ने बुधवार को बेलगावी के सुवर्ण सौधा में गांधी प्रतिमा के पास केंद्र सरकार के खिलाफ नेशनल हेराल्ड मामले और महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का नाम बदलकर वीबी-जी राम जी करने के फैसले के विरोध में प्रदर्शन किया। सीएम सिद्धारमैया और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने इस प्रदर्शन में हिस्सा लिया। उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का बयान- विरोध प्रदर्शन के दौरान, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि नेशनल हेराल्ड भारत के स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ा हुआ था। उन्होंने कहा, नेशनल हेराल्ड देश का गौरव है, जिसे स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान जवाहरलाल नेहरू ने स्थापित किया था, और इस मामले में केंद्रीय एजेंसियों की कार्रवाई पर सवाल उठाया। विरोध प्रदर्शन में मनरेगा का नाम बदलने के केंद्र के फैसले का भी विरोध हुआ, जिसमें कांग्रेस नेताओं ने भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार मनरेगा को खत्म करने के महात्मा गांधी का अपमान बताया। साथ ही सामाजिक कल्याणकारी योजना को कमजोर करने का आरोप लगाया।

'भाजपा मनरेगा को पचा नहीं पाई'- मंत्री एम बी पाटिल

- कर्नाटक के मंत्री एम बी पाटिल ने कहा, महात्मा गांधी राष्ट्रपिता हैं। यह एक सफल कार्यक्रम था जिसने स्थानीय रोजगार प्रदान किया, जिसे मनमोहन सिंह, सोनिया गांधी और राहुल गांधी के नेतृत्व में शुरू किया गया था। भाजपा इसे पचा नहीं पाई और इसका नाम बदल दिया।

भाजपा ने कांग्रेस को गांधी विरोधी कहा- कांग्रेस के विरोध को देखते हुए, कर्नाटक विधान परिषद में विपक्ष के नेता चालवडी नारायणस्वामी ने कहा, हम गांधी के खिलाफ नहीं हैं। कांग्रेस गांधी के खिलाफ है क्योंकि गांधी ने कांग्रेस के लोगों से कहा था कि उन्हें स्वतंत्रता मिल गई है, इसलिए कांग्रेस संगठन को तुरंत भंग कर दें, क्योंकि यह कोई राजनीतिक दल नहीं है। वे ही गांधी के खिलाफ हैं। सरकार के नए बिल में क्या है? लोकसभा में कृषि मंत्री द्वारा पेश किए गए विधेयक में ग्रामीण परिवार के प्रत्येक वयस्क सदस्य को 125 दिनों के वेतन रोजगार की गारंटी दी गई है, जो मौजूदा 100 दिनों से अधिक है, जो अकुशल शारीरिक श्रम करने के इच्छुक हैं। बिल के सेक्शन 22 के अनुसार, केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के बीच फंड शेयरिंग पैटर्न 60=40 होगा, जबकि उत्तर-पूर्वी राज्यों, हिमालयी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों (उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू और कश्मीर) के लिए यह 90=10 होगा। बिल का सेक्शन 6 राज्य सरकारों को एक फाइनेंशियल ईयर में कुल 60 दिनों की अवधि पहले से नोटिफाई करने की अनुमति देता है, जिसमें बुवाई और कटाई के मुख्य कृषि मौसम शामिल होंगे, जब बिल के तहत कोई काम शुरू या पूरा नहीं किया जाएगा।

संपादकीय Editorial

These Maggi Markets

The unfortunate fate of turning the road into a trading intersection is that buying Maggi near Kangra's Baglamukhi Temple proved costly for two young men. A roadside stall on the Bharwain-Ranital road attracted young men from Punjab, but the next moment, a speeding truck crushed them. In a horrific scene, Himachal's highway tourism has become a slaughterhouse. "Roadsides now cause pain, your killers are headed this way."

At first glance, we might consider a truck driver a messenger of death, but we won't fault the roadside shops operating without parking, because such markets have sprung up across Himachal. While singing the praises of tourism, these markets invite mourning. It's as if all of Himachal's commerce has moved to the streets. Furthermore, the system, which encourages encroachment on roads, has transformed the entire state into a grazing ground for vehicles. Vehicles, construction materials, and shops are strewn across the roads. No city has a traffic plan or the capacity to stop large groups. Throughout the day, half of Himachal is seen on the roads, solving their livelihoods through them. On some roads, protesters disrupt the law and order of cities, while on others, small businesses find work on the roads, seeking to make a living. If this is highway tourism, why not develop tourism, trade, and convenience centers every twenty to twenty-five kilometers? Trade is clashing with trade in Himachal, while the changing landscape of tourism and transportation requires a different perspective on market presence.

Trade, either through transportation or through tourists, is breaking new ground on the roads, so this potential must be met with infrastructure tailored to the needs of highway tourism. In Himachal, all types of roads other than four-lane roads are, in a way, increasing the risk due to local passions. This local commercial obsession is increasing the risk to the entire state's status through traffic jams, chaotic traffic, uncontrolled vehicle speeds, and lack of patrolling. Ironically, the state's major intersections have not yet been developed, resulting in neither traffic direction nor safety measures. The public transport network continues to operate in the same old pattern, despite improvements in traffic speed, new passenger convenience options, and a growing presence of private vehicles in local transportation services. The increased traffic due to the expansion of online services and the proliferation of e-business remains unaddressed. Similarly, the concentration of tourist vehicles, sightseeing traffic plans, and the growing number of taxis have not yet considered how to improve the roads for better transportation.

In Himachal, freight transportation is primarily carried out by road, yet not a single transport city has been developed in the entire state. No city has a freight planning plan for when trucks should be allowed to pass on which road and where they should be parked. A strange transportation wall is emerging in cities because buses, taxis, trucks, and private Volvo buses are parked on every road, bypass, or open space without any facilities or permission, making traffic unsafe. Consequently, with immediate effect, every city must develop at least one community, commercial, sports, or parking ground in each of the four directions. In addition to developing bus stops in every village, a large ground must also be built so that traffic nuisances don't stand on the roadside.

A new sun will shine in education, the future will be written in the light of Indian knowledge.

Even after independence, the education system remained based on the British model, but the New Education Policy 2020 focuses on making Indian languages ??the primary language of instruction. This policy strives to base education on skills and understanding rather than rote learning, and strives to bring Indian knowledge into the mainstream. The impact of Macaulay's education policy on Indian education. The

importance of Indian languages ??in the new education policy. The introduction of a new 5+3+3+4 framework in the education system. When Thomas Babington Macaulay wrote his famous "Minute on Education" in 1835, he probably did not anticipate that its few lines would profoundly influence India's education structure, language, thinking, and mindset for centuries. But this is what happened. A small note shook India's vast and multilingual education tradition. Before British rule, education in India was inherently, locally, and culturally connected. Gurukuls, schools, the guru-shishya tradition, Vedic mathematics, astronomy, medicine, logic—all flourished in Indian languages. Children learned, and acquired thought, life-knowledge in their own language. Knowledge wasn't confined to books and manuscripts; it was a part of life and culture. The East India Company was initially uninterested in education, but gradually the British realized that a vast country like India could be governed not by force alone, but by transforming education and culture. This began the policy of adapting Indian society to the English language and Western thinking. Macaulay clearly wrote that Western literature and science were supreme, and Indian literary traditions were "inferior." He stated that the government's goal should be to create a class "Indian by blood and color, but English by thoughts and interests." The British knew that education imparted in local languages ??kept Indian society united. Therefore, English was declared modern and superior, and Indian languages ??were gradually removed from administration, the judiciary, and higher education. English became the sole gateway to higher education, and Indian languages ??were relegated to the background of being merely "home and family languages." This influence persisted even after independence. While the country gained independence, the education system we inherited was entirely based on the British model. Policymakers themselves had studied within this colonial framework. Many were products of English-style universities in England, Europe, or India. Therefore, while the direction of education reform changed after independence, the structure and ideology remained the same. This influence was so profound that even today, many families consider English medium education a symbol of a "better life." Major commissions were formed after independence, but the approach remained rooted in the European model. This trend continued with the Radhakrishnan Committee of 1948, the Kothari Commission of 1964-66, the National Education Policies of 1968 and 1986, and the National Knowledge Commission of 2005. While these reforms brought about some improvements in education, the structure remained the same: exam-centric, English-dominated, and a replica of Western academic structures. Many universities established after independence, including institutions like Jawaharlal Nehru University, were shaped by the British and European university models. Some Indian languages ??became subjects of study here, but not the languages ??of knowledge. Due to English-based education, Indian languages, especially Sanskrit, Hindi, and other Indian languages, gradually fell to the lowest levels of higher education. The entry of the private sector into education after 1991 further promoted English education. English medium became a symbol of prestige in private schools, while government schools became limited to Indian languages. This is the same mindset that was rooted in Macaulay's policy. The first wind of change—the New Education Policy 2020—is the first policy to assert that Indian languages ??should be the primary language of instruction, that education in the mother tongue should be promoted, that Indian knowledge—philosophy, art, mathematics, and literature—should enter the mainstream, and that education should be based on skills and understanding, not rote learning. This has led to a new framework of 5+3+3+4, which is in keeping with Indian childhood, the nature of learning, and language psychology. The idea of ??multidisciplinary universities in higher education is reminiscent of the tradition of Gurukul and Takshashila. Indian education is returning to its roots, and the Indian mind is preparing to emerge from the colonial shadow. This signals a national renaissance—where education will be Indian, language will be Indian, and the future will be written in the light of Indian knowledge. A framework for holistic development—the 5+3+3+4 framework replaces the traditional 10+2 system and divides school education into four stages: a 5-year foundation stage (3 years of preschool + grades 1-2), a 3-year elementary stage (grades 3-5), a 3-year middle stage (grades 6-8), and a 4-year secondary stage (grades 9-12). The goal is to provide a holistic and practical education, focusing on children's cognitive development, with structured education beginning as early as the age of three.**

Another terrorist attack targeting members of the Jewish community

The global community must recognize that terrorism cannot be countered by merely condemning terrorist acts. To combat this terrorism, the global community must demonstrate both solidarity and the necessary willpower. Terrorism cannot be countered by mere condemnation.

Solidarity is essential to combat terrorism. The targeting of the Jewish community is reprehensible. The manner in which terrorists targeted members of the Jewish community on a beach in the Australian city of Sydney, killing more than ten people, has once again brought to the fore the terrifying threat of jihadist terrorism. Now that the attackers have been identified, there is no doubt that they adhered to radical Islamic ideology, nor that they intended to target Jews, as they were attacked while they were gathered in large numbers on the beach to celebrate Hanukkah. While the Australian government has labeled this horrific attack a terrorist act, it cannot be ignored that it faces accusations of failing to adequately address the activities of extremist Islamic groups engaged in intimidation of Jews. This terrorist incident is being seen as a consequence of the prolonged conflict between Hamas and Israel in Gaza. This prolonged conflict has created a climate of anti-Semitism worldwide. This climate was also created by extremist Islamic groups, and this has led to attacks on Jews in the United States. Furthermore, there have been sporadic incidents of targeting Jews in other Western countries, but it would be an oversimplification to say that the conflict between Israel and Hamas in Gaza has given radical Islamic groups an opportunity to become more aggressive. It should be noted that groups with extremist Islamic ideologies have long carried out terrorist attacks in the West and in many other countries around the world, resulting in significant casualties. It is natural that the terrorist attack in Australia will be condemned globally and condolences will be expressed, but this alone is not enough. Given the growing threat of jihadist terrorism worldwide, the global community needs to confront this threat together. It is unfortunate that despite the continued spate of terrorist incidents, terrorism remains undefined globally. Worse, necessary action is being avoided against countries that support, aid, and protect terrorist organizations. Pakistan is foremost among these countries. The world community must understand that terrorism cannot be combated by merely condemning terrorist activities. To combat this terrorism, the world community must demonstrate both solidarity and the necessary willpower.

ठंड की तस्वीरें: कोहरे से बढ़ी ठिठुरन, जिंदगी थमी... ट्रेनें घंटों लेट, मुरादाबाद डीएम ने जारी किया अलर्ट

मुरादाबाद में सुबह से ही कोहरा छाया हुआ है। इससे जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो गई है। हाईवे पर चालकों को लाइट जलाकर वाहन चलाने पड़ रहे हैं। कोहरे को देखते हुए डीएम ने अलर्ट जारी किया है। घने कोहरे ने कंपकंपा देने वाली व्यस्त हो गया। कोहरे इसका असर ट्रेनों की घंटे से लेकर 13 घंटे पहुंचीं। इससे यात्रियों करना पड़ा।कोहरे के महकमा समस्या का अधिकारियों के एक्स करने के बाद भी कोई ड्राइवरों को दी जाने भी नाकाम साबित हो 75 किमी प्रतिघंटा की कर दी गई है। एक्सप्रेस, पद्मावत नौचंदी, श्रमजीवी और आदि ट्रेनें भी देरी से है कि अन्य रेल मंडलों दृश्यता बेहद कम होने हैं। डीएम ने जारी

से बचाव करने के लिए आम लोगों को अलर्ट किया है। उन्होंने लोगों से कोयले की अंगीठी, मिट्टी का चूल्हा, हीटर आदि के प्रयोग में सावधानी बरतने की अपील की है। एडीएम वित्त एवं राजस्व ममता मालवीय ने बताया कि जिले की सभी तहसील स्तर से 73 स्थलों पर अलाव जलवाए जा रहे हैं। इसमें बिलारी के 34, सदर के 16, ठाकुरद्वारा के 11 और कांठ के 12 स्थल शामिल हैं।अस्पतालों की ओपीडी में बढ़े सांस के मरीज - ठंड से शहर के अस्पतालों और क्लीनिकों में डॉक्टरों की ओपीडी में सांस से जुड़ी बीमारियों के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। चेस्ट फिजिशियन डॉ. एके वर्मा, डॉ. सीपी सिंह के मुताबिक ठंड, नमी और प्रदूषण के मेल से अस्थमा, ब्रॉन्काइटिस और सांस अन्य समस्याएं बढ़ रही हैं।इस सप्ताह बना रहेगा कोहरा, राहत नहीं मौसम विभाग का कहना है कि फिलहाल ठंड और कोहरे से राहत मिलने के आसार कम हैं। आने वाले दिनों में भी सुबह और रात के समय घना कोहरा छाए रहने की संभावना जताई जा रही है। कयास लगाए जा रहे हैं कि ठंड इसी तरह रही तो जिले में आठवीं तक के स्कूलों की छुट्टी घोषित की जा सकती है।हादसों को लेकर पुलिस संवेदनशील है। कोहरे में हादसे न हों, इसके लिए जगह जगह पुलिस कर्मी तैनात किए गए हैं और वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगवाए जा रहे हैं। वाहन चालकों को समझाया जा रहा है कि वह कोहरे में फॉग लाइट का इस्तेमाल करें। इस दौरान वाहनों की रफ्तार कम रखें। -सतपाल अंतिल, एसएसपी कोहरे में बिजली के पोल से टकराई बस- कांठ रोड पर शेरुआ चौराहे के पास मंगलवार सुबह पांच बजे कोहरे में रोडवेज बस बिजली के पोल से टकरा गई। हालांकि हादसे में कोई यात्री घायल नहीं हुआ। रोडवेज की बस नजीबाबाद ज रही थी। शेरुआ में बस अनियंत्रित होकर पोल बिजली से टकरा गई।यात्रियों ने डायल 112 पर कॉल की। पीआरवी और अगवानपुर पुलिस चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने बताया कि घने कोहरे की वजह बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े बिजली के पोल से टकरा गई थी। फिलहाल सभी यात्री सुरक्षित रहे और यातायात में कोई रुकावट नहीं हुई।

बुधवार को ठिठुरन बढ़ा दी। सर्दी से जनजीवन अस्त के बीच दृश्यता शून्य रही। रफ्तार पर पड़ा। ट्रेनें पांच तक की देरी से मुरादाबाद को काफी परेशानी का सामना सामने बेबस यात्री और रेल कोई हल नहीं निकाल पाए। हैंडल को टेग कर पोस्ट फायदा नहीं हुआ। ट्रेन वाली फॉग सेफ डिवाइस रही है।रेलवे ट्रैक पर 60 से अधिकतम गति सीमा लागू मंगलवार को अर्चना एक्सप्रेस, बेगमपुरा, शहीद, लखनऊ-चंडीगढ़ एक्सप्रेस चलीं। रेल प्रशासन का कहना में ब्लॉक और कोहरे में के कारण ट्रेनें लेट हो रही किया अलर्ट - डीएम ने ठंड

'DM सर हमारी छत से तार हटवा दो': चंदौसी की मासूम बच्चियों की गुहार, एक्शन में अफसर, घंटों में समाधान...

चंदौसी की दो बहनों की डीएम से गुहार का वीडियो वायरल होने के बाद बिजली विभाग के अफसर भी हरकत में आ गए। उन्होंने मौके पर पहुंचे किसान के घर सके ऊपर से जा रही बिजली के तार हटा दिए। इसके लिए दोनों धन्यवाद दिया है।चंदौसी में के मकान बन गए, लेकिन होकर गुजर रहे बिजली के हाल तब है जब यह लाइन लोगों को अपनी छत पर है। इस बीच दो मासूम के ऊपर से जा रहे बिजली वीडियो के माध्यम से डीएम वीडियो वायरल हुआ तो विभाग के अफसरों को मौके पर पहुंची बिजली तारों को काटकर हटा दिया। ने जिला प्रशासन व बिजली करते हुए आभार व्यक्त किया बिजली विभाग की टीम कालोनी गुलडेहरा रोड के रामबाबू राणा की दो नन्हीं महिमा राणा का वायरल बन गया। दोनों बहनों ने ये

होकर जा रही 15 साल से बंद पड़ी हाईटेंशन लाइन को हटवाने के लिए डीएम को संबोधित करते हुए वायरल की थी। इसका संज्ञान लेते हुए डीएम के आदेश पर बिजली विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और छत पर लटक रहे बिजली के तारों को काटकर हटा दिया। एसडीओ चंदौसी अजय चौरसिया ने बताया कि विगत कई वर्षों से बंद पड़ी बहजोई की ओर जाने वाली बिजली लाइन अनुपयोगी थी। रामबाबू राणा की छत के ऊपर से जा रही बिजली लाइन को हटा दिया गया है।बता दें कि गुलडेहरा रोड से होकर बहजोई की ओर जाने वाली हाईटेंशन लाइन पिछले 15 वर्ष से बंद पड़ी है, लेकिन इसे हटाया नहीं गया। पंद्रह साल में यहां दर्जनों की संख्या में मकान बन गए और घनी आबादी हो गई। दूसरी मंजिल नहीं बनवा पा रहे थे- हाईटेंशन लाइन के तार गुलडेहरा रोड के कई मकानों से होकर जा रहे थे। इतना ही नहीं लोगों ने तारों के ऊपर ही कमरे भी बना लिए हैं। वहीं तीन साल से यहां मकान बना कर रह रहे किसान रामबाबू राणा छत से जा रहे तारों के कारण अपने मकान की दूसरी मंजिल नहीं बनवा पा रहे थे। इसको लेकर उनकी दोनों बेटियों विदुषी राणा और महिमा राणा ने डीएम को संबोधित एक वीडियो बना कर वायरल कर दिया। इसमें वह डीएम से लाइन हटवाने का आग्रह कर रही थीं।

बहनों ने डीएम को कॉलोनी बस गई, लोगों यहां लोगों के छतों से तार नहीं हटाए गए। यह बंद की जा चुकी है। जाने में दिक्कत हो रही बच्चियों ने अपनी छत के तार हटाने के लिए प्रार्थना की थी।जब प्रशासन ने बिजली कार्रवाई के लिए कहा। विभाग की टीम ने इन इसके बाद दोनों बेटियों विभाग का धन्यवाद है।डीएम के आदेश पर पहुंची - नगर के गणेश रहने वाले किसान बेटियों विदुषी राणा और वीडियो चर्चा का विषय वीडियो अपने मकान से

जिले में चिकित्साधिकारियों ने ओपीडी से बनाई दूरी

मुरादाबाद । शासन के आदेश के बावजूद चिकित्सा अधिकारियों द्वारा ओपीडी में मरीज देखने के निर्देशों का पालन नहीं किया जा रहा है। शासन का आदेश है कि सीएमओ हों या डिप्टी सीएमओ समेत अन्य चिकित्साधिकारी सप्ताह में कम से कम तीन दिन, दो-दो घंटे जिला अस्पताल या सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की ओपीडी में मरीजों का परीक्षण करेंगे, लेकिन हकीकत इसके उलट है। एक वर्ष बीतने को है, पर अधिकांश चिकित्सा अधिकारियों ने अब तक विभाग की विभिन्न योजनाओं, बैठकों और प्रशासनिक और सीएचसी पर मरीजों का दबाव झेल रहे चिकित्सकों कतार में लगकर इंतजार करना पड़ता है, जबकि शासन का को बेहतर परामर्श और त्वरित इलाज मिल सके। गौरतलब स्पष्ट आदेश जारी किए थे। आदेश में कहा था कि सभी केंद्रों की ओपीडी में बैठेंगे और मरीजों का चेकअप करेंगे। फील्ड लेवल पर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार मरीजों और उनके तीमारदारों का कहना है कि अस्पतालों जटिल मामलों में मरीजों को सही मार्गदर्शन नहीं मिल

कुलदीप सिंह का कहना है कि प्रशासनिक कार्यों का दबाव अधिक होने के कारण जिला अस्पताल की ओपीडी में नियमित रूप से बैठने का मौका नहीं मिल पाता। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि निरीक्षण के दौरान जब वे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर जाते हैं, तो कभी-कभार मरीजों को देख लेते हैं। यदि शासन के आदेशों का सख्ती से पालन कराया जाए, तो सरकारी अस्पतालों में इलाज की गुणवत्ता में सुधार हो सकता है और आम जनता को काफी राहत मिल सकती है।

ओपीडी में एक भी मरीज को नहीं देखा। चिकित्साधिकारी खुद को स्वास्थ्य कार्यों में व्यस्त बताकर मरीजों को देखने से बच रहे हैं। इससे जिला अस्पताल पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। मरीजों की संख्या अधिक होने के कारण उन्हें घंटों उद्देश्य था कि वरिष्ठ और अनुभवी चिकित्साधिकारियों की मौजूदगी से मरीजों है कि महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं रतन सिंह पाल ने इस संबंध में चिकित्साधिकारी अनिवार्य रूप से जिला अस्पताल अथवा सामुदायिक स्वास्थ्य इसका उद्देश्य न सिर्फ मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराना था, बल्कि भी करना था। हालांकि, जमीनी स्तर पर आदेश का असर दिखाई नहीं दे रहा है। में वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी केवल कागजों तक सीमित है। कई बार पाता, जिससे उन्हें निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। सीएमओ डॉ.

संक्षिप्त समाचार

देर रात शिक्षिकाओं को व्हॉट्सएप कॉल, करता था अश्लील बातें, शिक्षक की करतूत आई सामने... निलंबित

मुरादाबाद में शिक्षिकाओं को देर रात फोन करने वाले शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है। उस पर लगातार परेशान करने का आरोप था। विधायक ने इसकी शिकायत डीएम से की थी। शिक्षिकाओं को देररात व्हॉट्सएप कॉल करने वाले सहायक अध्यापक को बीएसए ने निलंबित कर दिया। नगर विधायक रितेश गुप्ता की शिकायत के आधार पर हुई जांच के बाद कार्रवाई की गई है। नगर विधायक रितेश गुप्ता ने डीएम से शिकायत की थी कि कंपोजिट विद्यालय लोदीपुर राजपूत का सहायक अध्यापक राजीव कुमार सिंह शिक्षिकाओं से अश्लील व अशोभनीय भाषा का प्रयोग करता है।

साथ ही कुछ शिक्षिकाओं को देररात व्हॉट्सएप कॉल कर उन्हें मानसिक रूप से परेशान करता है। इस मामले में सीडीओ ने दो सदस्यीय जांच समिति बनाई। बीएसए विमलेश कुमार ने बताया कि समिति द्वारा की गई जांच के बाद राजीव कुमार सिंह पर आरोपों की पुष्टि हुई। जांच में विद्यालय का शैक्षिक माहौल दूषित करना, कार्य एवं व्यवहार शिक्षक पद की गरिमा के प्रतिकूल पाया जाना, पदीय दायित्वों का भली प्रकार निर्वहन न करना और अध्यापक-कर्मचारी आचरण नियमावली का उल्लंघन करने के आरोपों की भी पुष्टि हुई है। इसलिए राजीव कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। 15 दिन में सौंपनी है बीएसए को रिपोर्ट- निलंबन अवधि में सहायक अध्यापक राजीव कुमार सिंह को उच्च प्राथमिक विद्यालय अल्लीपुर जुडैरा विकास क्षेत्र बिलारी से संबद्ध किया गया है। साथ ही आगे की खंड शिक्षा अधिकारी कुंदरकी त्रिलोकीनाथ गंगवार को आगे की जांच सौंपी गई है। खंड शिक्षा अधिकारी को मामले में जांच की कार्रवाई पूर्ण कर 15 दिन में बीएसए कार्यालय में अपनी रिपोर्ट जमा करनी है।

माघ मेले के लिए ट्रेनों में लगेंगे अतिरिक्त कोच... श्रद्धालुओं को मिलेगी राहत

मुरादाबाद । प्रयागराज में लगने वाले माघ मेला को देखते हुए रेल प्रशासन यात्रियों की सुविधा के लिए अस्थायी रूप से कई ट्रेनों में अतिरिक्त सामान्य कोच जनवरी से लगाएगा। उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि यात्रियों की सहूलियत के लिए माघ मेले को देखते हुए अस्थायी रूप से से गाड़ी संख्या 14308 बरेली-प्रयागराज संगम एक्सप्रेस में एक जनवरी से 15 फरवरी तक अतिरिक्त 3 सामान्य कोच लगाया जाएगा।इसके अलावा गाड़ी संख्या 14307 प्रयागराज संगम - बरेली एक्सप्रेस में 4 जनवरी से 18 फरवरी 2026 तक अतिरिक्त तीन सामान्य कोच (जनरल कोच) लगाए जाएंगे।

पश्चिमी यूपी में HC बेंच की मांग को भरी हुंकार, सड़क पर उतरे अधिवक्ता

मुरादाबाद । पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना के मुद्दे को अधिवक्ता जन आंदोलन बनाने की तैयारी कर रहे हैं। अधिवक्ता बुधवार आज हाईकोर्ट बेंच स्थापना को लेकर प्रदर्शन किया गया। इससे पहले मंगलवार को अधिवक्ताओं ने बैठक कर रणनीति तैयार की। अधिवक्ताओं ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने किसानों, व्यापारियों और सभी वर्गों से समर्थन मांगा है और उनसे आंदोलन में कंधे से कंधा मिलाकर साथ चलने की अपील की है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बेंच की स्थापना को लेकर मंगलवार को बार सभागार में बैठक हुई। जिसमें बार अध्यक्ष सतनाम सिंह मट्टू ने कहा कि प्रयागराज हाईकोर्ट पश्चिमी उप्र से 700 से 800 किमी की दूरी पर है। वाद कारियों को बहुत परेशानी होती है। इसलिए सभी मांग है कि पश्चिमी उप्र हाईकोर्ट बैंच स्थापना केंद्रीय संघर्ष समिति मेरठ के आह्वान पर हाई कोर्ट बेंच बनाने के लिए सभी अधिवक्ताओं द्वारा न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। व्यापार मंडल से सहयोग लेकर बाजार बंदी करने, अन्य संगठनों द्वारा हाईकोर्ट बैच के समर्थन में प्रधान मंत्री भारत सरकार को बुधवार को प्रदर्शन करने के बाद प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा जाएगा। पश्चिम उत्तर प्रदेश 20 से 25 जिलों में अधिवक्ता आंदोलन करेंगे। इस मौके पर, फारुक अहमद, राहुल गुप्ता, रोहित आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक हुई संपन्न

बरेली के मूल निवासी सरकारी कर्मियो के यहाँ संयंत्र स्थापना हेतु दिये निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । मुख्य विकास अधिकारी देवयानी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद का लक्ष्य एक लाख निजी आवासो पर सोलर रूफ टॉप संयंत्र लगाने का है जिसके सापेक्ष अब तक तेरह हजार से अधिक घरों पर संयंत्र स्थापित कराए जा चुके हैं एवं 11000 से अधिक लोगों को अनुदान की धनराशि उनके खाते में अंतरित की जा चुकी है

बैठक में बताया कि संयंत्र स्थापना से जहां 70 से 80% तक विद्युत बिल में कमी आ रही है वहीं ग्रीन एनर्जी के उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान हो रहा है।

मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि इस योजना का व्यापक प्रचार प्रसार करें तथा जो सरकारी सेवक जनपद बरेली के मूल निवासी हैं इसकी सूचना दो दिन के अंदर निर्धारित प्रारूप पर उपलब्ध कराएं तथा उन्हें संयंत्र स्थापना हेतु प्रेरित करते हुए अविलंब रूफटॉप संयंत्र स्थापित कराये।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सोलर रूफटॉप की स्थापना के सभी बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए संयंत्र स्थापना हेतु बैंक लोन कि उपलब्धता से भी अवगत कराया गया।

बैठक में परियोजना अधिकारी यूपी नेडा, समस्त उप जिलाधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका एवं नगर पंचायत तथा तकनीकी प्रशिक्षण के प्रधानाचार्य सहित सम्मिलित हुए द्य

नगर आयुक्त का एक्शन : शहर की सफाई में लापरवाही करने वाले बर्दाश्त नहीं सफाई नायक ऑन स्पॉट सस्पेंड , निर्माण कार्यों में मिली खामियां

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली= शहर की सफाई व्यवस्था और विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखने के लिए मंगलवार सुबह नगर आयुक्त संजीव कुमार मौर्य अचानक सड़कों पर उतर आए। मुंशीनगर वार्ड-10 में सफाई व्यवस्था की बदहाली देखकर नगर आयुक्त का पारा चढ़ गया, जहां उन्होंने तत्काल कार्रवाई करते हुए सफाई नायक संतोष कुमार गुप्ता को निलंबित (Suspend) कर दिया। नगर आयुक्त की इस औचक कार्रवाई से पूरे नगर निगम महकमे में हड़कंप मचा हुआ है। मुंशीनगर में गंदगी देख नगर आयुक्त गुस्से में भड़क गए वार्ड संख्या 10 (मुंशीनगर) के निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त को चारों तरफ अव्यवस्था देखने को मिली। नालियां चोक थीं और सड़कों पर कूड़े के ढेर लगे थे। नियमित सफाई न होने की शिकायत पर जब सफाई नायक कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके, तो नगर आयुक्त ने मौके पर ही निलंबन के आदेश जारी कर दिए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि शहर की सफाई में कोताही बरतने वाले कर्मियों की जगह विभाग में नहीं है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर उठे सवाल, ठेकेदारों को लगाई फटकार मुंशीनगर के बाद नगर आयुक्त ने परसाखेड़ा, कर्मचारी नगर, कुर्मांचल नगर और सीएम ग्रिड साइट का दौरा किया। यहां 15वें वित्त आयोग के तहत बन रही सड़कों और नालियों के काम में भारी लापरवाही मिली लेवलिंग की समस्या पर कहा कि नालियों का अलाइनमेंट सही न होने पर उन्होंने नाराजगी जताई और निर्देश दिया कि पानी का बहाव सुनिश्चित करने के लिए सही लेवलिंग की जाए।

कार्यदायी संस्थाओं को फटकार लगाते हुए उन्होंने साफ कहा कि अगर गुणवत्ता में सुधार नहीं हुआ, तो भुगतान रोक दिया जाएगा।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

संक्षिप्त समाचार

जिला व्यापार भाइयों की बैठक हुई संपन्न

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली । अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे की अध्यक्षता में जिला व्यापार बंधु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार सम्पन्न हुई बैठक में एक-एक कर व्यापारियों की समस्या सुनी गयी । व्यापारियों द्वारा बताया गया कि महादेव पुल के नीचे कोतवाली से कुतुबखाना तक अतिक्रमण अभी तक नही हट पाया है जिस पर अपर जिलाधिकारी नगर ने नाराजगी व्यक्त करते हुए इसे शीघ्र हटवाने के निर्देश दिये। व्यापारियों ने बताया कि अधिकतर यह देखने में आता है कि सड़कों पर ई रिक्शा द्वारा अधिक मात्रा में खड़े होने से जाम लग जाता है जिससे कि आवागमन में समस्या बनी रहती है जिस पर अपर जिलाधिकारी ने पुलिस अधिक्षक यातायात को इसे शीघ्र हटवाने के निर्देश दिये। बैठक में व्यापारियों द्वारा बताया गया कि जनपद की अधिकांश सड़कों पर गडढे हो गये है जिस पर अपर जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग को इसमें सुधार करने के निर्देश दिये। बैठक में अपर नगर आयुक्त शशि भूषण राय व संबंधित अधिकारियो सहित व्यापार मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

बाल विवाह की रोकथाम के लिए ग्राम पंचायत कोंडरी में आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत वन स्टॉप सेंटर की टीम द्वारा ग्राम पंचायत कोंडरी में आम जन को जागरूक किया गया। इस जागरूकता कार्यक्रम के दौरान वन स्टॉप सेंटर की मैनेजर श्रीमती गुंजन तिवारी द्वारा बाल विवाह की सामाजिक व कानूनी जटिलताओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई साथ ही बच्चों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए भी प्रेरित किया गया। मनोसामाजिक परामर्शदाता तनीषा दिवाकर एवं चाइल्ड हेल्पलाइन कोऑर्डिनेटर तबस्सुम ने बताया कि विवाह के लिए कानूनी रूप से लड़के की उम्र 21 वर्ष और लड़की की उम्र 18 वर्ष होनी चाहिए। बाल विवाह न केवल बच्चों के भविष्य को प्रभावित करता है बल्कि यह कानूनी रूप से दंडनीय अपराध भी है। उन्होंने ग्राम वासियों से कहा कि बाल विवाह के मामलों की सूचना तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर करें। उन्होंने बताया कि समय से पूर्व विवाह बच्चों की शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ-साथ सामाजिक एवं व्यक्तित्व के विकास में भी अवरोध उत्पन्न करता है। किसान सम्मान दिवस के रुप में मनाया जाएगा स्व. चौधरी चरण सिंह का जन्मदिवस। जिलाधिकरी श्री अनुज सिंह ने बताया कि स्व0 चौधरी चरण सिंह (मा0 भूतपूर्व प्रधानमंत्री जी) के जन्मदिवस दिनांक 23 दिसम्बर को किसान सम्मान दिवस के रुप में मनाया जायेगा। यह किसान सम्मान दिवस जिला स्तर पर जिगर मंच पंचायत भवन परिसर कंपनीबाग में प्रात: 10:00 बजे से आयोजित किया जायेगा तथा विकास खण्ड स्तर पर विकास खण्ड सभागार में किसान सम्मान दिवस का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि किसान सम्मान दिवस के उपलक्ष्य में किसान गोष्ठी/मेला एवं कृषि प्रदर्शनी आयोजित करने के साथ ही अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने वाले प्रगतिशील किसानों एवं प्राकृतिक/जैविक खेती करने वाले किसानों को सम्मानित किया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में विकास भवन के बापू सभागार में जिला स्तरीय अनुश्रवण मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। मा. मुख्यमंत्री जी की प्राथमिकताओं में से एक निराश्रित गौवंश संरक्षण योजना के अन्तर्गत जनपद में किए जा रहे कार्यों के अनुश्रवण में आ रही कठिनाईयों के निदान एवं सुधार के संबंध में विस्तृत समीक्षा की गई। जनपद मुरादाबाद में कुल 35 गो-आश्रय स्थल संचालित है इन गो-आश्रय स्थलों में संरक्षित गोवंश के लिए बेहतर व्यवस्था है। संरक्षित गोवंश को भूसा, हरा चारा, दाना, नमक, गुड़, मिनरल मिक्सचर दिया जा रहा है। गोशाला में साफ सफाई भी उचित प्रकार किया जा रहा है। चूना मिला स्वच्छ ताजा पेयजल उपलब्ध है। बीमार गोवंशों हेतु आइसोलेशन वार्ड बना है। ठंड से बचाव हेतु केटल शेड के चारों तरफ पर्दे एवं हाईलोजन हीटिंग लाईट लगायी गयी है। गोशालाओं से लिंक चरागाह भूमि पर हरा चारा बोया गया है। समस्त गो-आश्रय स्थलों में ठण्ड से बचाव हेतु पराली एवं तिरपाल/अलाव एवं हीटिंग लाईट की व्यवस्था की गयी है। समस्त गौ आश्रय स्थलों के भरण-पोषण धनराशि भुगतान हेतु माह नवम्बर, 2025 तक की फण्ड रिक्वेस्ट मुख्यालय लखनऊ प्रेषित की जा चुकी है। समस्त गौ आश्रय स्थलों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की कार्यवाही प्रचालित है तथा फाजलपुर एवं भटावली गौशालाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाये जा चुके है

प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक जर्नलिस्ट एसोसिएशन का 27 वा अधिवेशन व जर्नलिस्ट सम्मान समारोह

4 जनवरी को लखनऊ में मुख्य अतिथि तौर पर राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री होंगे शामिल

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। लखनऊ-प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक जर्नलिस्ट एसोसिएशन का 27 वा अधिवेशन एवं जर्नलिस्ट सम्मान समारोह 4 जनवरी 2026 को 10:00 बजे से सभागार एसकेडी स्कूल लखनऊ में होगा

अधिवेशन को सफल बनाने के लिए उत्तर प्रदेश इकाई के प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी जो मंडल सह प्रभारी हैं तथा जिला अध्यक्षों से अपील की गई है कि वह अपने जनपद से अधिक से अधिक पत्रकारों को आयोजन में लाने के लिए जनपदों में बैठक बुलाकर अधिवेशन को सफल बनाने का काम प्रारंभ कर दें

प्रदेशअध्यक्ष त्रिपाठी ने कहा कि इस बार आयोजन में माननीय राज्यपाल जी एवं माननीय मुख्यमंत्री जी आमंत्रित किया गया है इसलिए अधिवेशन में शामिल होने के लिए 3 जनवरी की रात को लखनऊ आने वाले पत्रकारों को ठहरने की व्यवस्था आर्य समाज संस्थान नरही लखनऊ में की गई है क्योंकि सभी पत्रकारों का रजिस्ट्रेशन आयोजन स्थल पर प्रात: 9:00 बजे से प्रारंभ कर दिया जाएगा और 10:00 बजे तक जो पत्रकार रजिस्ट्रेशन करा लेंगे उन्हें प्रवेश कार्ड के माध्यम से आयोजन में प्रवेश दिया जाएगा

प्रदेश अध्यक्ष त्रिपाठी ने बताया कि सम्मानित होने वाले पदाधिकारी की सूची 20 दिसंबर को माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के साथ नाम तय करने के बाद घोषित की जाएगी

जिनकी सूचना उनको उनके व्हाट्सएप नंबर पर भेजी जाएगी अधिवेशन को सफल बनाने के लिए सभी को एकजुट होकर आयोजन को सफल बनाने के लिए आदेशित किया गया है यह जानकारी कार्यालय सचिव बीआर सिंह ने सभी पदाधिकारी को दी ।

अल्प मानदेय से परिवार का भरण पोषण मुश्किल- कौशल कुमार

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की गांधी उद्यान मे बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता संघ के जिलाध्यक्ष कपिल यादव ने की। जिसमे शिक्षामित्रों के स्थानांतरण व समायोजन किए जाने के संबंध मे विचार विमर्श किया गया।

इसके साथ ही प्रदेश मंत्री कौशल कुमार सिंह को प्रदेश संगठन मंत्री बनने पर जिला कार्यकारिणी की तरफ से फूलमाला पहनकर स्वागत किया गया। बैठक मे नवनियुक्त प्रदेश संगठन मंत्री कौशल कुमार सिंह ने कहा कि अल्प मानदेय से शिक्षामित्र अपने परिवार का भरण पोषण, पढ़ाई लिखाई और दवाई मे पस्त है। संरक्षक विनीत चौबे ने कहा कि शिक्षामित्र बेसिक शिक्षा मे रीढ़ की तरह है। जिनका महत्वपूर्ण योगदान है। इससे निपुण लक्ष्य, नामांकन और निवार्चन जैसे महत्वपूर्ण कार्य सरलता से सफलता पूर्वक संचालित हो रहे है। प्रवक्ता धर्मवीर मौर्य ने मुख्यमंत्री से अनुरोध किया गया है कि शीघ्र निर्णय लेकर लाखों परिवारों को राहत प्रदान करें। शिक्षामित्र रोज समाचार पत्रों व सोशल मीडिया पर मानदेय वृद्धि की खबर की प्रतीक्षा कर रहे है। जिलाध्यक्ष कपिल यादव ने कहा कि आठ दिसंबर की बैठक के बाद विभाग से शिक्षामित्रों के स्थानांतरण का आदेश जारी हुआ है। साथ ही जनपद बरेली मे 15 दिसंबर को आदेश जारी कर दिया गया। इसका हम हृदय से स्वागत करते है। महामंत्री कुमुद केशव पांडे ने कहा स्थानांतरण प्रक्रिया से उन साथियों को थोड़ा राहत मिलेगा जो काफी दूर तैनात है। सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा शिक्षामित्र के मानदेय वृद्धि है। बैठक मे कपिल यादव, कुमुद केशव पांडे, सर्वेश पटेल, उत्तम कुमार, अर्जुन सिंह, कृष्णा कुमारी, अलका शर्मा, संजीव गंगवार, सतीश गंगवार, राकेश यादव, दिनेश कुमार गंगवार, जसवीर सिंह, संजीव कुमार, उवैस रजा, भगवान सिंह यादव, संतोष कुमार, शिशुपाल सिंह, नरेश चंद्र गंगवार, आसिम हुसैन, गंगाधर, युसूफ खान आदि शिक्षामित्र मौजूद रहे।।

शीतलहर का प्रकोप, स्कूलों में बच्चों की हुई छुट्टी

डीएम के आदेश पर बीएसए डॉ विनीता ने की बुधवार से तीन दिन की छुट्टी

क्यूँ न लिखूँ सच / पं सत्यमशर्मा / बरेली। जिले में शीतलहर और घने कोहरे ने जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। हाड़ कंपा देने वाली सर्दी और दिनभर छाए कोहरे के बीच प्रशासन ने स्कूली बच्चों को बड़ी राहत दी है। कक्षा एक से आठवीं तक संचालित सभी स्कूलों में 20 दिसंबर तक अवकाश घोषित कर दिया है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह के निर्देश पर बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. विनीता ने बुधवार को आदेश जारी करते हुए साफ कहा है कि अत्यधिक ठंड और कोहरे के मद्देनजर यह निर्णय लिया गया है। आदेश के मुताबिक जिले में संचालित कक्षा आठ तक के सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी विद्यालय बंद रहेंगे। चेतावनी दी गई है कि यदि कोई स्कूल खुला पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिन विद्यालयों में पहले से परीक्षाएं निर्धारित हैं, वे परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कराई जा सकती हैं।

